दैनिक भास्कर 12-09-2023

स्लो साइकिलिंग में जीएमएन कॉलेज की काजल प्रथम



अम्बाला | गांधी मेमोरियल कॉलेज में एसडीजी क्लब की ओर से स्लो साइकिलिंग प्रतियोगिता कराई जिसमें 13 छात्राओं व 19 छात्रों ने भाग लिया। तय दूरी को सर्वाधिक समय में तय कर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा निधि द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कीर्ति तृतीय रही। वहीं बीए प्रथम वर्ष के छात्र अर्पित प्रथम, बलजिंदर द्वितीय और बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र हार्दिक तृतीय रहे। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार की अगुवाई में इस आयोजन को दिशा दी गई। प्राचार्य ने कहा कि बदलती जीवन-शैली में स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक श्रम जरूरी है।